प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 16.11.2024 समय : 10:00 ए.एम.

.........................

- उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ आज उदयपुर के कोटडा में वनवासी कल्याण परिषद के कार्यक्रम में शिरकत करेंगे।

- आज राष्ट्रीय प्रेस दिवस है। सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव नई दिल्ली में समारोह को संबोधित करेंगे।

- पर्यटन विभाग की ओर से कल्चरल डायरीज श्रृंखला के तहत आज जयपुर में लंगा–मांगणियार कलाकारों की होंगी प्रस्तुतियां।

- भारत ने दक्षिण अफ्रीका से टी–20 क्रिकेट श्रृंखला 3–1 से जीती–चौथे टी–20 में तिलक वर्मा और संजू सैमसन ने जडे शतक।

.........................

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ आज उदयपुर के दौरे पर रहेंगे। श्री धनखड भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के अवसर पर कोटडा में वनवासी कल्याण परिषद की ओर से आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे। कार्यक्रम में भाग लेने के बाद उपराष्ट्रपति धनखड़ का मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय जाने का कार्यक्रम है। यहां वे विज्ञान महाविद्यालय में आयोजित व्याख्यान कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। जिला कलक्टर अरविंद पोसवाल ने बताया कि उपराष्ट्रपति की यात्रा को लेकर जिला प्रशासन ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं।

.........................

आज देशभर में राष्ट्रीय प्रेस दिवस मनाया जा रहा है। समाज में स्वतंत्र और उत्तरदायी प्रेस की महत्वपूर्ण भूमिका के सम्मान में हर साल 16 नवम्बर को यह दिन मनाया जाता है। 1966 में आज ही के दिन भारतीय प्रेस परिषद ने काम करना शुरु किया था। परिषद यह सुनिश्चित करती है कि प्रेस उच्च मानकों को बनाए रखे और किसी धमकी और प्रभाव के आगे नहीं झुके। यह दिवस न केवल प्रेस की उपलब्धियों को दर्शाता है बल्कि पारदर्शी और शिक्षित समाज के निर्माण में इसके उत्तरदायित्व को भी बढ़ावा देता है। इस अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों के साथ पत्रकारिता के क्षेत्र में उत्कृष्टता पुरस्कार दिये जाते है और एक स्मारिका जारी की जाती है। राष्ट्रीय प्रेस दिवस के अवसर पर केन्द्रीय सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव आज नई दिल्ली में समारोह को संबोधित करेंगे। इस साल के मुख्य समारोह की थीम हैं प्रेस का बदलता स्वरूप।

.........................

केंद्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार ने कल नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित भारत अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेले–आईआईटीएफ में मंत्रालय के मंडप का उद्‌घाटन किया। इस अवसर पर मीडिया को संबोधित करते हुए डॉ. वीरेंद्र कुमार ने बताया कि मंत्रालय 100 से अधिक वंचित कारीगरों और उद्यमियों को मेले में भाग लेने के लिए एक मंच प्रदान कर रहा है और इसका उद्देश्य उनके आर्थिक विकास को बढ़ावा देना है। अपने संबोधन के दौरान, उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के वोकल फॉर लोकल के आह्‌वान का जिक्र किया और कहा कि स्टालों में हथकरघा, हस्तशिल्प और अन्य उत्पाद सभी 'मेड इन इंडिया' हैं। इसके अतिरिक्त, दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग ने दिव्यांगजन कारीगरों द्वारा नवीन सहायक प्रौद्योगिकियों और शिल्प को प्रदर्शित करने वाले 35 स्टॉल लगाए है।

.........................

केंद्रीय श्रम और रोजगार मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने देश भर में बचत के विशाल कोष के प्रबंधन और सामाजिक सुरक्षा प्रावधानों को बढ़ाने के लिए कर्मचारी भविष्य निधि संगठन की परिवर्तनकारी यात्रा की सराहना की है। कल नई दिल्ली में ईपीएफओ के 72वें स्थापना दिवस को संबोधित करते हुए उन्होंने ईपीएफओ के अधिकारियों और कर्मचारियों से ईमानदारी, समर्पण, सहानुभूति और व्यावसायिकता के

उच्चतम मानकों को बनाए रखने का आग्रह किया। समारोह के दौरान भविष्य निधि पुरस्कार, 2024 भी दिये गये।

.........................

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 24 नवम्बर को आकाशवाणी के 'मन की बात' कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 116वीं कड़ी होगी। श्रोता, इस महीने की 22 तारीख तक टोल फ्री नम्बर 1 8 0 0 – 1 1 – 7 8 0 0 पर कार्यक्रम के लिए सुझाव भेज सकते हैं। इसके अलावा 1922 नम्बर पर मिस्ड कॉल देकर एस एम एस पर मिले लिंक से भी सुझाव भेजे जा सकते हैं। नरेंद्र मोदी एप या माई जीओवी ओपन फोरम के जरिये ऑनलाइन भी सुझाव दिये जा सकते हैं।

.........................

लोक कला और कलाकारों को प्रोत्साहित करने और उनको आजीविका के अवसर उपलब्ध कराने के लिए राजस्थान पर्यटन विभाग की ओर से जयपुर में कल से "कल्चरल डायरीज श्रृंखला" शुरू की गई है। रामनिवास बाग स्थित अल्बर्ट हॉल में शुरू हुई इस श्रृंखला का आज दूसरा और आखिरी दिन है। आज बाड़मेर–जैसलमेर क्षेत्र के प्रसिद्ध लंगा–मांगणियार कलाकारों की गायन–वादन की प्रस्तुतियां होंगी। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी की मौजूदगी में श्रृंखला के पहले दिन कल सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये गये। इस मौके पर शेखावाटी अंचल के प्रसिद्ध कच्छी घोड़ी नृत्य और मयूर नृत्य की प्रस्तुति दी गई। इसके बाद राधा कृष्ण ने फूलों की होली खेली, जिसमें ब्रज अंचल की कला–संस्कृति का सजीव प्रस्तुतिकरण हुआ। इस अवसर पर पुरातत्व और संग्रहालय निदेशक पंकज धरेन्द्र और पर्यटन विभाग की संयुक्त निदेशक सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहें।

.........................

राजधानी जयपुर को स्वच्छता में नंबर वन बनाने के लिए हेरिटेज निगम ने नया एक्शन प्लान बनाया है। इसके तहत अब सभी वार्ड प्रभारी को प्रतिदिन वार्डो में सुबह से आठ से 10 बजे तक सफाई व्यवस्था का निरीक्षण करेंगे और वार्डो में जाकर स्थानीय निवासियों को कचरा निस्तारण के लिए जागरूक करेंगे। निगम आयुक्त अरुण कुमार हसीजा ने कल निगम मुख्यालय में सफाई व्यवस्था को लेकर निगम अधिकारियों के साथ हुई एक बैठक में अधिकारियों को इस बारे में निर्देश दिए। उन्होंने जोन उपायुक्त और शाखा प्रभारी को आमजन की समस्याओं का तुरंत समाधान करने को भी कहा।

.........................

राज्य सरकार की ओर से चलाई जा रही अम्बेडकर डीबीटी वाउचर योजना के तहत भत्ता प्राप्त करने के लिए 30 नवंबर तक आवेदन किये जा सकेंगे। सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग की ओर से जारी आदेश के अनुसार सत्र 2024–25 के लिए ये आवेदन किये जा सकेंगे। योजना के तहत छात्रों को आवास, भोजन और बिजली पानी की सुविधा के लिए हर माह दो हजार रुपए की पुनर्भरण राशि दी जाएगी। इस योजना के तहत एससी, एसटी, ओबीसी, एमबीसी, ईडब्ल्यूएस और अल्पसंख्यक वर्ग के जिला मुख्यालय पर संचालित राजकीय महाविद्यालय में स्नातक और स्नातकोत्तर में अध्यनरत छात्र पात्र होंगे। गौरतलब है कि पहले आवेदन की अंतिम तिथि 31 अक्टूबर थी जो अब 30 नवंबर बड़ा दी गई है।

.........................

प्रदेश में सर्दी की दस्तक के साथ ही प्रवासी पक्षियों का आगमन शुरू हो गया है। तेज उड़ान के पक्षी पैलिकन ने पाली जिले के खारडा बांध में डेरा डालना शुरू कर दिया हैं। जलीय पक्षियों में सबसे बड़े आकार वाले प्रवासी पैलिकन पक्षी हर साल नवंबर में साइबेरिया और पूर्वी यूरोप से हजारों किलोमीटर की दूरी तय कर खारडा बांध में ठहराव करते हैं। इधर भरतपुर के केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान में प्रवासी पक्षियों का आना शुरू हो गया है। अब तक लगभग 2 हजार पक्षी केवलादेव पहुंच चुके है। पक्षी विशेषज्ञों का मानना है कि परिंदों की संख्या में अभी और इजाफा होगा। पक्षियों के साथ साथ पर्यटकों की संख्या भी उद्यान में बढ़ रही है। इन दिनों पिंटल, कॉमनटेल, सलबर, चाइना कूट, मलाड ग्रेडवाल, पेंटेड स्टॉर्क सहित अन्य कई प्रजाति के हजारों पक्षी उद्यान की रौनक बने हुए हैं ।

.........................

झालावाड में चल रहे श्री चन्द्रभागा कार्तिक मेले में जिला प्रशासन और पर्यटन विभाग की ओर से कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। मेले का आज तीसरा और अंतिम दिन है। महिलाओं, बच्चों और किसानों के लिए कल विभिन्न गतिविधियां और प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। गढ़ परिसर से

खण्डिया चौराहे तक साईकिल रैली का आयोजन किया गया, जिसमें साईक्लिंग वेलफेयर सोसायटी के सदस्यों और विदेशी पर्यटकों ने भाग लिया। इस दौरान विदेशी पर्यटकों सहित स्थानीय लोगों के दल को जिले के विभिन्न पर्यटन स्थलों का भ्रमण कराया गया।

.........................

क्रिकेट में भारत ने कल जोहान्सबर्ग के वांडरर्स स्टेडियम में चौथे और अंतिम टी20 इंटरनेशनल मैच में दक्षिण अफ्रीका को 135 रनों के बड़े अंतर से हरा दिया। इस जीत के साथ ही भारत ने चार मैचों की टी20 सीरीज 3—1 से अपने नाम कर ली है। जीत के लिए 284 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए दक्षिण अफ्रीका की टीम 18 ओवर और 2 गेंदों में 148 रन पर ढेर हो गई। इससे पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत ने निर्धारित 20 ओवरों में एक विकेट पर 283 रनों का बडा स्कोर बनाया। तिलक वर्मा ने 47 गेंदों में 120 रन बनाए, जबकि सलामी बल्लेबाज संजू सैमसन ने 56 गेंदों में 105 रनों का योगदान दिया। दक्षिण अफ्रीका के लिए ट्रिस्टन स्टब्स ने सबसे ज्यादा 43 रन बनाए जबकि भारत के लिए अर्शदीप सिंह ने 3 विकेट लिए। तिलक वर्मा को मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया।

.........................